संत थॉमस स्कूल, धुर्वा, रॉची–4

सत्र (2020–21)

कक्षा – चार | पाठ – 15 | पुस्तक – दिव्य भारती
विषय – हिंदी | देश हमारा

---

1. शब्दार्थ :–

1) न्यारा – निराला

2) सिंधु – सागर

3) मलय समीर – मलय पर्वत से आने वाली खुशबूदार हवा

4) सर्व – सारा

5) खलिहान – वह स्थान जहाँ फसल काटकर रखी जाती है।

6) निर्मल – साफ, स्वच्छ

7) सूत्र – धागा

2. प्रश्न–उत्तर

प्रश्न– 1 हमारा देश कैसा है ?

उत्तर– हमारा देश सबसे प्यारा, सबसे सुंदर और सबसे न्यारा है।

प्रश्न– 2 भारत का मस्तक किसे कहा गया है ?

उत्तर– भारत का मस्तक गिरिराज हिमालय को कहा गया है।

प्रश्न– 3 भारत का चरण कौन है ?

उत्तर– भारत का चरण सिंधु को कहा गया है।

प्रश्न– 4 मलय समीर का अर्थ क्या है ?

उत्तर– मलय समीर का अर्थ है– मलय पर्वत की ओर से आने वाली खुशबूदार हवा।

प्रश्न– 5 झरनों का जल कैसा होता है ?

उत्तर– झरनों का जल निर्मल होता है।

प्रश्न– 6 हमारे देश में किन बातों में विविधता है ?

उत्तर– हमारे देश में भाषा पहनावा और त्योहारों में विविधता है।

3. पंक्तियों के सही अर्थ के सामने (√) लगाइए :–

1. उत्तर– (ग) भारत की हवा में खुशबू है।
2. उत्तर– (ख) हमें अपने देश में मन का सुख मिलता है।

————— x ————— x —————